NEWS18 हिंदी

Lucknow News: बैंकाक से लखनऊ में हो रही थी नकली गोल्ड फ्लैक सिगरेट की सप्लाई, एयरपोर्ट पर कस्टम ने जब्त किया 97 हजार पैकेट

लखनऊ. अभी तक आपने एयरपोर्ट पर सोने की खेप पकडे जाने की खबर सुनते रहे होंगे, लेकिन लखनऊ एयरपोर्ट पर कस्टम की टीम ने नकली सिगरेट की एक बड़ी खेप पकड़ी है. बैंकाक से 16 लाख से अधिक कीमत की नकली गोल्ड फ्लैक की 97 हजार पैकेट को पकड़ा गया है. ताज्जुब की बात यह है कि भारत में बिकने वाली गोल्ड फ्लैक ब्रांड की नकली सिगरेट को बैंकाक से तस्करी कर लखनऊ लाया गया था. कस्टम की टीम ने तीन लोगों को हिरासत में भी लिया है.

जानकारी के मुताबिक फ्लाइट संख्या FD-146 से बैंकॉक से लखनऊ पहुंचे तीन यात्रियों से यह खेप पकड़ी गई है. तीनों ने बहुत ही चालाकी से सिगरेट को छिपाया था, लेकिन एयरपोर्ट पर स्कैनिंग के दौरान कस्टम की टीम ने नकली सिगरेट को ट्रेस कर उन्हें जब्त कर लिया. अब आगे की कार्रवाई की जा रही है. जानकारी के मुताबिक पकड़ा गया एक यात्री लखीमपुर खीरी का निवासी है, जबकि दो अन्य दिल्ली व केरल के रहने वाले हैं. कस्टम विभाग के मुताबिक ज्यादा मुनाफे की वजह से नकली सिगरेट की तस्करी बढ़ रही है.

विदेशों में नहीं होता गोल्ड फ्लैक ब्रांड का प्रोडक्शन

गौरतलब है कि आईटीसी इंडिया की गोल्ड फ्लैक ब्रांड की सिगरेट भारत में ही निर्मित होती है. लेकिन इसकी तस्करी विदेशों से हो रही है क्योंकि इसमें मुनाफा काफी होता है. इन सिगरेट में निम्न गुणवत्ता के तंबाकू का इस्तेमाल किया जाता है जिसकी वजह से इसकी लागत कम हो जाती है.

Source: https://hindi.news18.com/news/uttar-pradesh/lucknow-97-thousand-fake-gold-flake-cigarette-smuggled-from-bangkok-to-lucknow-caught-at-airport-8812508.html